गुरुवार

02 मार्च, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज





रेलकर्मियों की तत्परता से बर्निंग ट्रेन होने से बची पटना-इंदौर एक्सप्रेस 3



प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


# शहीद के पिता की गिरफ्तारी पर विधानसभा में बवाल, सीएम बोले- दोषियों पर होगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/पटना**

वैशाली जिले में गलवान घाटी में हुई झड़प के दौरान शहीद जवान जय किशोर सिंह के पिता की गिरफ्तारी मामले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बात करके इस मामले पर जानकारी ली है। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए इसे गंभीरतापूर्वक देखने की बात कही है। वहीं बिहार के डीजीपी आरएसभट्टी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए टीम गठित की है। इस मुद्दे पर बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को भारी हंगामा हुआ। बीजेपी ने नीतीश सरकार पर शहीद परिवार का अपमान करने का आरोप लगाया है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को सदन में बोल ही रहे थे कि तब तक नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा खड़े हो गए। उन्होंने कहा कि गलवान में वैशाली का लाल शहीद हुआ। उसके पिता को गिरफ्तार किया गया। पिटाई भी की गई है। पिता शहीद बेटे की याद में स्मारक बनाए थे, इस पर ही नीतीश कुमार ने कहा कि इसे लेकर मेरी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से आज ही बात हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार एक्शन लेगी। जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई होगी। इस पूरे मामले को संज्ञान में लिया गया है। इन बातों के दौरान सदन से बीजेपी के लोग वॉकआउट करके चले गए।



- शहीद जवान जय किशोर सिंह के पिता की गिरफ्तारी मामले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की बात
- डीजीपी आरएसभट्टी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं, इसके लिए टीम गठित की गई है



## परिजन का आरोप: शहीद के पिता को पुलिस ने पीटा

गलवान घाटी में चीनी सैनिकों से लड़ते हुए शहीद हुए जवान जय किशोर सिंह के पिता कपूर सिंह को वैशाली जिले के जंदाहा इलाके में पुलिस ने दो दिन पहले गिरफ्तार कर लिया। परिजन का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें घसीटकर जीप में बैठाया और फिर थाने ले जाकर पिटाई की। उनपर आरोप है कि शहीद जयसिंह का स्मारक उन्होंने सरकारी जमीन पर बनवा दिया और रास्ता रोक दिया।



## शहीद के पिता पर जमीन कब्जा करने का केस दर्ज

जंदाहा थानाध्यक्ष विश्वनाथ के अनुसार कपूर सिंह के खिलाफ उनके ग्रामीण हरिनाथ राम ने शहीद की प्रतिमा स्थल के लिए जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा करने और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का मामला दर्ज कराया था। आरोप है कि हरिनाथ ने खुद को प्रताड़ित करने पर एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कराया और उसी जाति के थानेदार ने कानून की धाराओं की अनदेखी की।

## सदन में क्या कहा तेजस्वी ने

बजट सत्र के दौरान विपक्ष ने इस मामले में हंगामा खड़ा किया तो तेजस्वी यादव ने सदन में कहा- ह्लमैं वैशाली से ही जीत कर आता हूं। जवान शहीद हुए थे तो हम वहां गए थे। वहां के लोगों की मांग थी तो हमने वादा किया था। उस समय परिवार की मांग थी कि मूर्ति लगे, लेकिन वह इसके लिए अपनी जमीन नहीं देना चाहते थे। बगल की दलित की जमीन पर बनाना चाहते थे। ये कैसे मुमकिन हो सकता था? शहीद के पिता की गिरफ्तारी की बात है तो उसे देखा जा रहा है। कानून अपना काम कर रहा है। सरकार न किसी को फंसाती है और न बचाती है।

## गुंडाराज चल रहा: विजय सिन्हा

बिहार विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान गलवान के शहीद के पिता को जेल भेजे जाने का मामला विधानसभा में उठा। हंगामे के बीच अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा को बोलने का मौका दिया। विजय सिन्हा ने कहा कि गलवान घाटी के शहीद के पिता को जबरन जेल भेज दिया। भूमाफिया की मिलीभगत से वैशाली पुलिस ने शहीद के पिता को जेल भेजा है। यह गुंडाराज चल रहा है। सरकार जवाब दे। सरकार की तरफ से संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने जवाब दिया।

## ...और हंगामा कर रहे बीजेपी विधायकों ने उठा ली रिपोर्टर कुर्सी

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य नारेबाजी करने लगे। भाजपा के सदस्य वेल में पहुंचकर पोस्टर लहराने लगे। इस दौरान सभापति ने मार्शल को आदेश दिया कि विधायकों के हाथ से पोस्टर ले लें। भाजपा विधायक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। अपराध और पुलिसिया जुल्म के खिलाफ विपक्षी विधायकों के हंगामे के बीच स्पीकर ने प्रश्नकाल को शुरू करा दिया। इसके बाद भाजपा सदस्य आक्रोशित हो गए। वेल में पहुंचे भाजपा विधायकों की मांग जब स्पीकर नहीं मान रहे थे तो उग्र विधायकों ने रिपोर्टर कुर्सी को उठा लिया। इसके बाद स्पीकर ने प्रदर्शन कर रहे विधायकों को चेताया और कहा कि आप सही नहीं कर रहे हैं। इसके बाद मार्शल को कहा कि कुर्सी को सही जगह पर रखें।

## खबरें फटाफट

### अमिताभ, धर्मेंद्र और मुकेश अंबानी के घर को बम से उड़ाने की धमकी

**नागपुर।** अभिनेता अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र और बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के घर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। नागपुर पुलिस कंट्रोल रूम में मंगलवार को एक अनजान शख्स ने फोन किया और तीनों सेलिब्रिटी का घर बम से उड़ाने की धमकी दी। शख्स ने फोन पर ये भी दावा किया कि मुंबई के दादर में हथियार से लैस 25 लोग आ चुके हैं, जो आतंकी घटना को अंजाम देंगे। मुंबई पुलिस ने बताया, कॉल आते ही हमने बम स्क्वॉड टीम को इस सेलिब्रिटी के घरों की जांच के लिए भेजा। हालांकि, इस दौरान हमें कुछ भी नहीं मिला। बता दें इस बीच मुंबई पुलिस ने अमिताभ और धर्मेंद्र के घरों की सुरक्षा बढ़ा दी है। कॉल आने के बाद से ही नागपुर पुलिस कंट्रोल रूम ने मुंबई पुलिस को हाई अलर्ट का मैसेज भेजा है, मुंबई पुलिस ने फौरन तीनों सख्सियतों की घरों की जांच की जिसमें बम जैसा कोई संदिग्ध समान नहीं मिला। पुलिस कॉल करने वाले का पता लगाने में जुटी हुई है।

### घरेलू एलपीजी सिलेंडर का दाम 50 रुपए बढ़ा

**नई दिल्ली।** होली से पहले आम जनता को महंगाई का झटका लगा है। मार्च महीने के पहले दिन ही घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 50 रुपये, वहीं कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में 350 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। जिसके बाद से राजधानी पटना में 1201 रुपये का एलपीजी सिलेंडर मिलेगा।

### होली पर उत्तर प्रदेश में मिलेगी निर्बाध बिजली

**लखनऊ।** रंगों के उत्सव होली पर योगी सरकार ने प्रदेशवासियों को बड़ा तोहफा दिया है। इस बार होली के अवसर पर प्रदेश के उपभोक्ताओं को विद्युत कटौती का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रदेश सरकार ने सात से नौ मार्च तक कटौती मुक्त निर्बाध विद्युत आपूर्ति की घोषणा की है।

## बिहार में बढ़ता अपराध: चांदचौर के द. बिहार ग्रामीण बैंक में हुई घटना

# समस्तीपुर में बंदूक की नोक पर बैंक से नौ लाख की लूट

- बैंक खुलने के कुछ देर बाद ही चार की संख्या में आए बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम
- बैंक के अंदर मौजूद मैनेजर और क्लर्क पर बंदूक सटा उनकी पिटाई भी की
- दो बाइक पर सवार होकर बैंक लूटने आए थे बदमाश

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के समस्तीपुर में बुधवार को बदमाशों ने बैंक लूट की घटना को अंजाम दिया। चार की संख्या में बदमाश दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक में घुसे और 9.45 लाख रुपये लूट कर भाग गए. घटना उजियारपुर थाना क्षेत्र के चांदचौर स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की है। इस दौरान बदमाशों ने बैंक के अंदर मौजूद मैनेजर और क्लर्क की पिटाई भी की। दोनों को गन प्वाइंट पर लेकर 9 लाख 45 हजार के आसपास रुपये लेकर फरार हो गए। लूट की घटना सुबह की है। इस दौरान बैंक में दो-तीन ग्राहक भी मौजूद थे।

घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर पुलिस भी पहुंची। घटना को लेकर बताया जाता है कि एनएच-28 पर चांदचौर स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक में सुबह बैंक खुलते ही दस बजकर बीस मिनट पर दो बाइक पर सवार चार की संख्या में बदमाश पहुंचे। हथियार के साथ बैंक में घुसे थे। उनमें से दो बदमाशों ने गन प्वाइंट पर मैनेजर सुरेंद्र कुमार और क्लर्क शैलेश को लिया फिर वारदात को अंजाम दिया।

इधर सूचना के बाद दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक दिनेश प्रसाद, दलसिंहसराय एसडीपीओ दिनेश कुमार पांडेय, पुलिस निरीक्षक उमा शंकर राय, मुसरीघरारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार, उजियारपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी सहित डीआईयू टीम के अनिल कुमार, विश्वजीत कुमार आदि पहुंचे। मामले की जांच में जुट गए हैं। बैंक में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के आधार पर आगे की जांच की जाएगी।



**जल्द होगा मामले का खुलासा**

इस संबंध में दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक दिनेश प्रसाद ने बताया कि जांच की जा रही है। वहीं दलसिंहसराय एसडीपीओ दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि बैंक खुलते ही चार की संख्या में हथियार के साथ पहुंचे बदमाशों ने 9 लाख 45 हजार रुपये लूट की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस अनुसंधान में जुटी है जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## गया में दुकान की दीवार में सेंधमारी कर 40 लाख रु. के गहने और कैश ले उड़े चोर

**गया।** गया में इमामगंज थाने से 300 मीटर की दूरी पर ज्वेलरी शॉप में चोरी हुई। चोरों ने इमामगंज थाना अंतर्गत स्थानीय बाजार में स्थित मोहिनी ज्वेलर्स को निशाना बनाया। बदमाशों ने दीवार में सेंधमारी कर करीब 40 लाख के ज्वेलरी एवं कैश चोरी कर ली। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं घटना के बाद बाजार के अन्य दुकानदारों में आक्रोशहै। इसको लेकर सभी कारोबारियों ने बुधवार को दुकान बंद कर विरोध जताया है। जिले इमामगंज बाजार में मोहिनी ज्वेलर्स स्थित है। दुकान में चोरों ने सेंधमारी कर करीब 40 लाख रुपए से अधिक का ज्वेलरी समेत नगद एवं अन्य संपत्ति की चोरी कर ली। घटना की जानकारी दुकान मालिक को बुधवार सुबह हुई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली। घटना के विरोध में पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी प्रकट करते हुए दुकानदारों ने पूरा इमामगंज बाजार को बंद रखा।

## कैंडिडेट्स को पहले देना होगा ऑनलाइन कॉमन एग्जाम, इसके बाद होगा फिटनेस टेस्ट

# अग्निवीर की बहाली के लिए बदला नियम

**एजेंसी/पटना**

बिहार में अग्निवीर स्कीम से जुड़ी एक जरूरी जानकारी सामने आई है। सेना भर्ती कार्यालय दानापुर मुख्यालय ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि अब अग्निवीर की बहाली के लिए ऑनलाइन आवेदन आने के बाद उन्हें ऑनलाइन परीक्षा भी देनी होगी। इसके लिए पूरे देश में 176 ऑनलाइन सेंटर बनाए गए हैं। यह स्कीम केंद्र सरकार ने बीते साल ही लागू की थी जिसको लेकर बिहार में भारी बवाल भी हुआ था। चुनाव के पैटर्न में अब बदलाव किया गया है।

इसकी परीक्षा के लिए कैंडिडेट्स को कई तरह की प्रक्रिया से गुजरना होगा। बिहार झारखंड मुख्यालय के भर्ती निदेशक कर्नल करण मेहता ने बताया कि सबसे पहले ऑनलाइन कॉमन एग्जाम होगा। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को संबंधित आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस द्वारा तय किए गए स्थानों पर भर्ती रैली के लिए बुलाया जाएगा। वहां उनका फिजिकल फिटनेस टेस्ट और फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट लिया जाएगा। यह अग्निवीरों के लिए भर्ती प्रक्रिया में बदलाव करके किया गया है।



उन्होंने कहा कि पहले फिजिकल टेस्ट कराए जाते थे। उसके बाद एग्जामिनेशन लिए जाते थे, अब ऐसा नहीं होगा. इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पहले की अग्निवीर बहादुरी प्रक्रिया और अग्निवीर बहाली प्रक्रिया में थोड़ा बदलाव किया गया है। इसकी वजह से ज्यादातर भीड़ ऑनलाइन एग्जामिनेशन में ही छंट जाएगी और जिनका सिलेक्शन होगा सिर्फ उनका ही फिजिकल टेस्ट कराया जाएगा। इसके बाद आगे की जांच की जाएगी। जांच के बाद ही उन्हें अग्निवीर सेना में बहाली ले लिया जाएगा।

# नीतीश सरकार का युवाओं को नौकरी देने की बात करना आंखों का धोखा: उपेंद्र कुशवाहा

**केटी न्यूज/पटना**

नीतीश सरकार का बिहार के युवाओं को बजट में नौकरी देने की बात करना आँखों का धोखा है। बिहार बजट पर यह कटाक्ष राष्ट्रीय लोक जनता दल के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने बुधवार को किया। उन्होंने मोतिहारी में कहा कि बजट में कहा जा रहा है कि नौकरी को संख्या बढ़ेगी। लेकिन बेरोजगारी की समस्या हल करने की बात नहीं हो रही है। उन्होंने सवाल किया कि कुछ नौकरियों को देने से क्या बेरोजगारी खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग दूसरे राज्य में छोटे-छोटे फैक्ट्रियों में काम करते हैं। दूसरे राज्य में जाकर बिहार के लोग फैक्ट्री के मालिक भी होते हैं। लेकिन, बिहार में ऐसा क्यों नहीं होता है। बिहार में नौकरी देने की बात आंखों का धोखा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अभ्यर्थी नौकरी की परीक्षा पास कर सड़क पर घूम रहे हैं और पुलिस उस पर लाठी चला रही है।

मोतिहारी में विरासत बचाओ नमन यात्रा को लेकर प्रेस वार्ता में उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि हम विशेष यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने कहा कि बिहार फिर से 15 से 20 साल पहले के समय में लौट रहा है। जिन लोगों ने पहले का हालात देखा है वह लोग डरने लगे हैं। पहले के समय में महिलाओं को सड़क पर चलना दूभर हो चुका था। उस समय को बदलने के लिए नीतीश आगे आए हमारे साथ मिलकर संघर्ष किया। इसकी शुरूआत में उन्होंने अच्छा काम किया मगर अंत में आकर फिर से जंगलराज में ढकेले जा रहे हैं।






जीयर स्वामी

भटके मन को एक जगह केंद्रित कर
बांध लेने का नाम ही है योग।



## खबरें फटाफट

### भोजपुर गोलीकांड मामले में एक साल बाद केस दर्ज

**आरा।** भोजपुर के बिहिया थाना क्षेत्र के बरूणा गांव के चर्चित गोलीकांड में तत्कालीन थानाध्यक्ष और दो एएसआई सहित अन्य मुश्किलें बढ़ गयी हैं। करीब एक साल बाद उस मामले में तत्कालीन थानाध्यक्ष सहित छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी। कोर्ट के आदेश के बाद गोली से जख्मी युवक राहुल कुमार के फर्दबयान पर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। प्राथमिकी में बिहिया थाने के तत्कालीन थानेदार शशिभूषण प्रसाद के अलावा एएसआई योगेन्द्र यादव, अशोक मिश्रा, हवलदार धनेश पासवान, उमेश कुमार और ओसाई के सरपंच मनजी यादव को आरोपित किया गया है। दारोगा शशिभूषण प्रसाद फिलहाल उदवंतनगर थाने के थानाध्यक्ष हैं। एसपी प्रमोद कुमार की ओर से प्राथमिकी दर्ज होने की पुष्टि की गयी है। थानेदार को लाइन हाजिर भी कर दिया गया है।

### मृतक सामाजिक कार्यकर्ता के परिजनों से मिले जदयू नेता

**जहानाबाद।** घोसी थाना अंतर्गत चिरी गांव के रहनेवाले सामाजिक कार्यकर्ता मनोरंजन कुशवाहा की बीते दिन गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। जिसके बाद बुधवार को जदयू के मुख्य प्रवक्ता दिलीप कुशवाहा के नेतृत्व में एक टीम पीड़ित परिजनों से मिलने उनके घर पंहुची एवं परिवारजनों को ढांढस बंधाया एवं शोक वयक्त किया। दिलीप कुशवाहा ने परिवारजनों से कहा कि इस दु:ख की घड़ी में हम आप के साथ हैं। आप को न्याय अवश्य मिलेगा। आप पुलिस प्रशासन एवं सरकार पर भरोसा रखें। इस बाबत एसपी से भी बात कर अपराधियों को शीघ्र अरेस्ट करने की बात कही एवं पीड़ित परिजनों को सुरक्षा मुहैया कराने का आग्रह किया जिस पर एसपी ने आश्वस्त किया कि अपराधी शीघ्र गिरफ्तार होंगे।

# वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट से कचरा प्रबंधन के साथ पंचायत का होगा विकास : एसडीएम

- जगदीशपुर प्रखंड के कौरा पंचायत में वेस्ट मैनेजमेंट प्रोसेसिंग यूनिट का शुभारंभ
- कचरा प्रबंधन के लिए ग्रामीणों के बीच बांटी गई नीला और हरा डस्टबिन

**केटी न्यूज/आरा**

आरा (जगदीशपुर) लोहिया स्वच्छ अभियान फेज 2 के तहत बुधवार को जगदीशपुर प्रखंड के कौरा में वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि एसडीएम सीमा कुमारी व विशिष्ट अतिथि बीडीओ राजेश कुमार, बीपीआरओ अरुण कुमार, बीसी सुमन कुमार, जिला समन्वयक रंजन बैठा व जिला सलाहकार विनय कुमार ने संयुक्त रूप से अभियान का उद्घाटन किया। इस दौरान भारा संख्या में लोगों की भीड़ जुटी। एसडीएम ने बताया कि लोहिया स्वच्छ अभियान फेज 2 के तहत तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण किया जा रहा है। इससे पंचायत में ही कचरे का प्रबंधन हो सकेगा और इससे प्राप्त राजस्व को पंचायत के विकास में इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के साथ ग्रामीणों को एकल प्लास्टिक इस्तेमाल नहीं करने को भी जागरूक किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से कचरा प्रबंधन और एकल प्लास्टिक इस्तेमाल नहीं करने की अपील की। इसके बाद उन्होंने वेस्ट ऐप पर पढ़ें प्रोसेसिंग यूनिट के काम के बारे में लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम में मुखिया मुन्नी देवी, मुखिया प्रतिनिधि हरेराम सिंह, सरपंच रेखा देवी, स्वागतकताओं में बीरेंद्र सिंह, रिंकू सिंह, संजय सिंह, दिलीप सिंह, बिट्टू कुमार, टिंकू कुमार, रवि कुमार समेत स्थानीय पंचायत के सभी वार्ड पार्षद और ग्रामीण मौजूद रहे।




### थ्री आर का उपयोग :

जिला सलाहकार विनय कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के साथ साथ थ्री आर के सिद्धांत पर काम करने पर जोर दिया जा रहा है, जिसमें रिड्यूस, रीयूज एवं रीसाइकल का ध्यान रखा जाएगा। रिड्यूस में प्लास्टिक पर रोक लगाने और उसकी जगह जूट के थैले, पेपर, फोम आदि का प्रयोग, रीयूज के तहत किसी वस्तु को फेंकने से पहले उसके दोबारा प्रयोग कर सकने और रिसाइकल के तहत लोहा, एल्युमीनियम, प्लास्टिक, कांच इत्यादि को इकट्ठा कर कबाड़ी वाले के मार्फत पुन: चक्रित करना।

### ग्रामीणों से इन व्यवहारों में परिवर्तन करने की अपील

- प्लास्टिक की जगह कचरे को डब्बे में ही डालें, दूसरों को ऐसा करने के लिए प्रेरित करें
- नीले डब्बे में सूखा कचरा डालें
- हर डब्बे में गीला कचरा डालें
- कचरा डालने के लिए खत्म करें निर्भरता, स्वयं पहल करें
- कचरे को खुले में न फेंके न जलाएं, गाड़ीवाले का इंतजार कर उसे दें

बीडीओ राजेश कुमार ने बताया कि अब हर घर में नीला एवं हरा रंग का दो डस्टबिन रखना अनिवार्य होगा। यह सब सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2016 के तहत होगा। उसी के तहत घरों में रहने वाले परिवार दो डस्टबीनों में गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग रखेंगे, उन कचरों को डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाले स्वच्छता मित्र या एजेंसी ले जाएंगे। डस्टबिन के संबंध में उन्होंने बताया कि हरा डस्टबिन में गीला कचरा, जिसमें रसोई का कचरा, फल के छिलके, सड़े फल, सब्जी, बचा भोजन, अंडे के छिलके आदि को डालना है और नीला डस्टबिन में प्लास्टिक, , बोतलें, कागज कप, प्लेट, पैकेट अखबार, डिब्बे, बॉक्स, पुराने कपड़े आदि को डालना है। इसके अलावा बेकार कचरों की श्रेणी में आने वाले डायपर, सेनिटरी नैपकिन, पट्टियां, टिशू पेपर, रेजर, प्रयोग में लाई हुई सीरिंज, ब्लेड, स्लाइन की बोतलें आदि को कागज में लपेटकर सूखे कचरा वाले डस्टबिन में डालना है।

### आरा-पटना फोरलेन पर कोइलवर थाना क्षेत्र के गीधा गांव के समीप हुई घटना

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सड़क पार कर रहे अधेड़ को रौंदा, घटनास्थल पर ही मौत, चालक फरार

- मृतक गीधा गांव के वार्ड नं. 9 निवासी लंगड़ राम के 55 वर्षीय पुत्र बुचन राम थे
- घटना को लेकर देर तक मची रही अफरातफरी
- आरा-पटना फोरलेन पर आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना के बाद भी सीख नहीं ले रहे लोग
- प्रशासनिक स्तर पर कदम नहीं उठाए जाने से हर दिन जा रही लोगों की जान

**केटी न्यूज/आरा**

पटना-बक्सर फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के गीधा गांव के समीप बुधवार की शाम तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सड़क पार कर रहे एक अधेड़ को रौंद डाला। उसमें अधेड़ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक गीधा गांव के वार्ड नंबर 9 निवासी लंगड़ राम के 55 वर्षीय पुत्र बुचन राम थे। घटना को लेकर देर तक अफरातफरी मची रही। वहीं हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से भाग निकला। इधर, मृत अधेड़ के पुत्र सज्जन राम ने बताया कि बुधवार की शाम उसके पिता शौच करने के लिए बधार की ओर जा रहे थे। उस दौरान वह गांव के समीप सड़क पार कर सड़क के दूसरी ओर जा रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनको रौंद दिया। उससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। हादसे की सूचना मिलने पर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि अधेड़ चार भाई और तीन बहन में सबसे बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी सुलक्षणी देवी, पुत्र कमलेश राम, मंटु राम, गोरख राम, सज्जन राम और उमेश राम है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है।





### वाहन ने बाइक सवार को मारी ठोकर, गंभीर

**आरा।** पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के परेव गांव के समीप बुधवार की सुबह वाहन ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कहेन गांव निवासी दुर्गा यादव का 24 वर्षीय पुत्र जीतेंद्र यादव है। उसने बताया कि बुधवार की सुबह बाइक से इंटरव्यू देने के लिए पटना के बिहटा बाजार जा रहा था। उसी दौरान परेव गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में सामने से जोरदार ठोकर मार दी। उससे वह गंभीर रुप से जख्मी हो गया।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी ठोकर, मौत

**आरा।** भोजपुर में मंगलवार देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पटना निवासी एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक पटना जिला के मनेर थाना क्षेत्र के मनेर गांव निवासी मो.निजमुद्दीन का 26 वर्षीय पुत्र मो.खुशरू है। घटना आरा-पटना नेशनल हाईवे पर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी गांव के समीप घटी। इधर मृतक के जीजा मो.परवेज ने बताया कि वह मंगलवार की शाम बाइक पर सवार होकर बक्सर जिला के बक्सर टाउन अपने फूफा के घर घूमने जा रहा था। उसी दौरान सकड्डी गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसके बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद कोईलवर थाना पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। उसके बाद उसके पॉकेट से मिले आधार कार्ड एवं मोबाइल फोन के माध्यम से कोईलवर पुलिस द्वारा इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी गई।

# सासाराम में देर रात कबाड़ी दुकान में लगी भीषड़ आग

**5 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया जा सका काबू**

**केटी न्यूज/सासाराम**

सासाराम जिले मुख्यालय के नगर थाना क्षेत्र के प्रतापगंज मुहल्ले में मंगलवार देर रात कबाड़ी दुकान में भीषण आग लग गई। कबाड़ दुकान होने के कारण आग ने जल्द ही भीषण रूप धारण कर लिया। आग की सूचना फैलते ही मौके पर सैकड़ों लोग मौके पर जुट गए, और आग पर काबू करने का प्रयास करने लगे। दमकल को सूचना दी गई। लगभग 5 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है।

बताते हैं कि लगभग 11.30 में आग लगी, 12 बजे तक आग ने भीषण रूप घारण कर लिया। अगलगी की सूचना पर पहले दमकल की तीन छोटी गाड़िया पहुंची, लेकिन उनकी क्षमता कम थी, इसलिए आग पर काबू नहीं पाया जा सका। लगभग एक घंटे बाद बड़ी गाड़ी पहुंची, इसके बाद मुहल्लेवासियों के सहयोग से बड़ी मशक्कत से पर काबू पाया जा सका। आस-पास के मकानों में भी आग फैलने का भय लगा रहा। लेकिन आग पर काबू होने से आंशिक क्षति ही हुई है।

**बारात के पटाखे से लगी आग**

मुहल्ले वासियों का कहना है कि आग लगने के थोड़ी देर पहले ही एक बारात गुजरी थी। बारात में लगातार आतिशबाजी की जा रही थी। उसी में से कोई पटाखा कबाड़ी दुकान में जा गिरा होगा। जिससे आग सुलगी होगी और फिर धीरे-धीरे भीषण रूप धारण कर लिया होगा। पड़ोसी पंकज कुमार बताते हैं कि आग की आंच इतनी तेज थी, कि घर के बाहर लगा एसी जल गया। नगर थानाध्यक्ष बताते हैं कि बारात के पटाखे से ही कबाड़ी दुकान में आग लगी थी, जिसे पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया। बताया कि अभी कबाड़ी दुकादार द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है। उन्होंने लोगों से संयम बरतते हुए बारात निकालने की अपील की है।

### बड़ी दमकल गाड़ी आने पर बुझ सकी आग

मुहल्ले के लोगों ने बताया कि पहले 3 दमकल गाड़ियां पहुंचीं, लेकिन तीनों छोटे दमकल थे, उनमें पानी बार-बार खत्म हो जा रहा था। मुहल्लेवासी वकिल चैहान बताते हैं कि रात में एक बजे बड़ा दमकल पहुंचा तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। कहा कि शुरू में ही बड़ा दमकल आया रहता तो इतना ज्यादा नुकसान नहीं होता।

# जहानाबाद में घर में घुसकर लाखों के गहने व 35 हजार कैश की चोरी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले में चोरों का मनोबल इतना बढ़ा है कि दिन में भी चोरी की घटना का अंजाम देने लगे हैं। ताजा मामला जहानाबाद जिले के कपूरी नगर का है। यहां चोर बंद घर का ताला तोड़ गहने व 35 हजार रुपए लेकर भाग निकले। घटना के संबंध में पिड़ित बिक्रम कुमार ने बताया कि हमलोग पूरा परिवार शादी समारोह में पटना गए हुए थे। जब बुधवा सुबह आठ बजे घर पहुंचे तो, देखा कि घर के अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। लॉकर टूटा था।



उसने यह भी बताया कि पूर्व में भी हमारे यहां तीन चार बार चोरी की घटना घट चुकी है। चोर करीब दो ढ़ाई लाख के गहने तथा नगदी 35 हजार रुपए लेकर भाग गए।

# पेट में बांधकर ट्रेटा पैक शराब ला रहे सात धंधेबाज गिरफ्तार, 46 लीटर शराब बरामद

**केटी न्यूज/आरा**

धंधेबाजों के शराब तस्करी के नये फंडे का खुलासा किया गया है। इस दौरान शरीर में बांध कर शराब ला रहे सात धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें छह पटना निवासी जबकि एक भोजपुर का रहने वाला है। इन धंधेबाजों के पास से 46 लीटर अंग्रेजी शराब, सात मोबाइल और 28 सौ रुपए बरामद किया गया है। एक ऑटो भी जब्त की गयी है। शराब की खेप छपरा से बबुरा के रास्ते ऑटो से आरा लायी जा रही थी। गिरफ्तार धंधेबाजों में पटना के मनेर थाना क्षेत्र के मनेर टोला निवासी रंजन कुमार, अवधेश कुमार, निपुर कुमार, मनीष कुमार, रतन टोला निवासी शशिभूषण कुमार, मनि तिवारी के टोला निवासी पवन कुमार और भोजपुर के कोईलवर थाने के कायमनगर निवासी इमरान शामिल हैं। इनमें मो. इमरान ऑटो चालक है।

इस संबंध में सातों के खिलाफ नवादा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। एसपी प्रमोद कुमार के अनुसार मंगलवार की रात पुलिस को छपरा से बबुरा के रास्ते ऑटो से शराब की खेप आरा लाये जाने की सूचना मिली। उस आधार पर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा प्राइवेट बस स्टैंड के पास वाहन चेकिंग शुरू की गयी। उस दौरान धरहरा की ओर से आ रहे ऑटो को पकड़ा गया। चालक सहित ऑटो सवार सात लोगों की तलाशी ली गयी। तब चालक को छोड़ छह लोगों के शरीर में पेट से सीना तक ट्रेटा पैक शराब प्लास्टिक के टेप के जरिए बांधा गया था। सभी के शरीर से 91 पीस फ्रुटी शराब बरामद की गयी।




**गर्भवती को लंबे समय से खांसी है तो जरूर करायें बलगम की जांच**

# गर्भवती महिलाओं के लिए टीबी खतरनाक, बच्चे पर होता है असर

**केटी न्यूज/गया**

टीबी एक संक्रामक रोग है। फेफड़ों में टीबी के संक्रमण के मामले सबसे अधिक देखने को मिलते हैं। यह किसी भी व्यक्ति को हो सकता है। लेकिन विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं में टीबी को लेकर विशेष देखभाल व सतर्कता की जरूरत होती है। टीबी एक खतरनाक बीमारी है और लक्षणों से टीबी की पुष्टि होने के साथ ही दवा का सेवन प्रारंभ कर देना चाहिए। टीबी के मामले में यह देखा जाता है कि लोग कुछ दिनों की दवा का सेवन कर दवा खाना छोड़ देते हैं। ऐसे में टीबी और अधिक घातक हो जाता है। टीबी का एक लक्षण लंबे समय तक खांसी का रहना है। इस प्रकार की खांसी को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। महिलाओं में टीबी संक्रमण को लेकर जानकारी रखी जानी चाहिए। यदि किसी महिला को टीबी है तो गर्भवती होने से पूर्व डॉक्टरी सलाह अवश्य लेनी चाहिए। लेकिन यदि ऐसा होता है कि महिला के गर्भवती होने के बाद टीबी होने का पता चलता है तो डॉक्टरी सलाह के साथ दवा प्रारंभ करना आवश्यक होता है।



### टीबी से संक्रमित होने के हैं कई कारण

जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के टीबी संक्रमित होने के कई कारण हो सकते हैं। घर में टीबी संक्रमित व्यक्ति के लगातार संपर्क में रहना, टीबी संक्रमित क्षेत्र में रहना, एचआईवी संक्रमित होना, कुपोषण और बहुत अधिक वजन कम होना, धूम्रपान, गुटखा व शराब का सेवन ऐसे कारणों से टीबी होने की संभावना अधिक हो जाती है। गर्भवती महिलाओं को यह ध्यान रखना चाहिए कि एक सप्ताह से अधिक समय तक खांसी रहना, तेज बुखार रहना, भूख की कमी और बहुत अधिक थकान रहना, बलगम में खून आना और गले में सूजन व दर्द रहना टीबी के लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच जरूरी है।

### गर्भवती महिलाएं घर से बाहर मास्क जरूर लगाएं

सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन के मुताबिक टीबी संक्रमित महिलाओं के बच्चे काफी कम वजन वाले होते हैं और उनमें भी आनुवंशिकी टीबी होने की संभावना अधिक होती है। ऐसे में शिशु के जीवन को खतरा होता है। टीबी का पता करने के लिए खून की जांच की जाती है, जो सुरक्षित है। बलगम की जांच और फेफड़ों का एक्सरे किया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि गर्भवती महिलाएं घर से बाहर मास्क का इस्तेमाल जरूर करें। बहुत अधिक दिनों तक खांसी रहने पर उसे नजरअंदाज नहीं करें। भोजन में प्रोटीन और विटामिन से भरपूर भोज्य पदार्थ लें। टीबी का प्रभाव खून कम होने के कारण होता है इसलिए ऐसे भोजन अवश्य करें जिससे खून बनने की प्रक्रिया को बल मिलता है।

## खबरें फटाफट

### पिकअप के धक्के से होमगार्ड जवान समेत दो जख्मी

**डुमरांव।** नया भोजपुर थाना क्षेत्र के एनएच 922 पर नवाडेरा गांव के समीप एक तेज रफ्तार पिकअप के धक्के से एक होमगार्ड जवान समेत एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए है। घायल होमगार्ड जवान जवान को इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल जबकि दूसरे जख्मी को डुमराव के किसी अस्पताल में पहुंचाया गया है। घटना बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे की है। जख्मी होमगार्ड जवान की पहचान नावानगर थाना क्षेत्र के भटौली गांव निवासी 45 वर्षीय धनोज सिंह पिता अरविंद सिंह के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही नया भोजपुर ओपी पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई है। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

### 20 लिटर शराब किया गया विनष्ट

**कृष्णाब्रह्म।** स्थानीय थाने में बुधवार को बतौर मजिस्ट्रेट सह डुमरांव सीओ अंकिता सिंह के देखरेख में विभिन्न कांडो में जब्त कुल 20 लिटर शराब को विनष्ट किया गया। विनष्टीकरण के दौरान कृष्णाब्रह्म थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष पीके देव मौजूद थे। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के विभिन्न कांडो में यह शराब बरामद हुआ था। जिसे न्यायालय के निर्देश पर विनष्ट किया गया है।

### अगलगी में जलीं दो झोपड़िया

**सिमरी।** सिमरी थाना क्षेत्र के छोटका सिंहनपुरा गांव में बुधवार को चूल्हें की चिंगारी से झोपड़ीनुमा दो घर जलकर राख हो गए। इस घटना में दोनों परिवारों के करीब डेढ़ लाख की संपति जलकर नष्ट हो गई है। छोटका सिंहनपुरा की मीरा देवी खाना पकाने के बाद चूल्हें में आग को वैसे ही छोड़ दी थी। हवा के साथ चूल्हें की चिंगारी उड़कर झोपड़ी में पकड़ ली।

# बक्सर जिले को मोतियाबिंद मुक्त करना ही मुख्य उद्देश्यः प्रदीप जायसवाल

- रोटरी क्लब व जेपी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन
- एसडीएम कुमार पंकज, एएसपी राज, प्रदीप जायसवाल ने दीप जलाकर किया कार्यक्रम का उद्घाटन

**केटी न्यूज/डुमरांव**




माता-पिता की स्मृतियों को संजोना हर पुत्र का कर्तव्य होता है। मैं अपने स्व माता पिता की प्रेरणा से ही सामाजिक कार्यो में दिलचस्पी रखता हूं। उक्त बातें रोटरी जगदीश आई अस्पताल के निदेशक तथा रोटेरियन प्रदीप जायसवाल ने बुधवार को अस्पताल परिसर में कही। अवसर था स्व जगदीश प्रसाद व स्व शिवकुमारी देवी की पावन स्मृति में रोटरी क्लब व जेपी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित मुफ्त नेत्र जांच शिविर का। उन्होंने कहा कि उनके माता पिता आजीवन जरूरतमंदों की सेवा करते रहे थे। बचपन से ही उन्हें देख मेरे अंदर यह गुण विकसित हुआ है। प्रदीप की मानें तो समाज सेवा की भावना उन्हें विरासत में मिली है तथा प्रत्येक साल अपने माता पिता की याद में जरूरमंदों को नेत्र ज्योति प्रदान करने के लिए ही लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन करते है।

उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य बक्सर जिले को मोतियाबिंद मुक्त करना है। इसके लिए वे वर्ष 1994 से लगातार लगे हुए हैं। इस प्रयास में वे पहले लायंस क्लब व बाद में रोटरी क्लब से जुड़े। जबकि अब जेपी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना कर वे अपने उदेश्य को पूरा कर रहे है। इसके पहले एसडीएम कुमार पंकज, एएसपी राज, प्रदीप जायसवाल, बक्सर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव विनय कुमार सिंह, मोहन जी गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

**अंधापन निवारण में रोटरी अस्पताल की अहम भूमिकाः एसडीएमः** एसडीएम ने कहा कि अंधापन निवारण में इस अस्पताल की अहम भूमिका है। असहायों की सेवा ही मानवता का कर्तव्य है। एसडीओ ने कहा कि इस संस्था के कार्य जरूरतमंदों तथा मानवता की सेवा का सबसे अच्छा उदाहरण है तथा दूसरों के लिए अनुकरणीय है। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा कि इस बार रोटरी क्लब द्वारा शिविर लगाकर करीब 200 से अधिक गरीबों की नेत्रों की जांच की गयी है, जिनका मुफ्त लेंस प्रत्यारोपण गुरूवार और शुक्रवार को विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस शिविर में लेंस प्रत्यारोण कराने वाले मरीजों को मुफ्त भोजन, दवा व अन्य जरूरत के सामानों को उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम का संचालन विनय कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन शत्रुघ्न प्रसाद गुप्ता ने किया। मौके पर अजीत कुमार जायसवाल, राजीव रंजन सिंह, कमलेश सिंह, रमेश केसरी, पंकज जायसवाल, प्रदीप जायसवाल बेचू सहित अन्य मौजूद थे।

### अब तक दस हजार से अधिक का लेंस प्रत्यारोपण

प्रदीप जायसवाल ने कहा कि अब तक रोटरी क्लब के माध्यम से दस हजार से अधिक मरीजों के लेंस का सफल प्रत्यारोपण कराया जा चुका है। इस बार यह तीसरा कैंप है। जबकि हर साल तीन से चार कैंप अयोजित कर मोतियाबिंद के मरीजों को मुफ्त लाभ पहुंचाया जाता है।

**टला हादसाः बक्सर से खुलने के बाद इंजन के पहियों से ब्रेक बाइंडिंग के कारण उठने लगा था धुआं**

# रेलकर्मियों की तत्परता से बर्निंग ट्रेन होने से बची पटना-इंदौर एक्सप्रेस

- बक्सर रेलवे की टीम से सूचना मिलते ही चालक ने चौसा से पहले रोकी ट्रेन
- करीब आधा घंटा तक बाधित रहा परिचालन, वही इस ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों की अटकी रही जान

**केटी न्यूज/बक्सर**




बुधवार को स्थानीय रेलखंड से गुजरने वाली पटना इंदौर एक्सप्रेस रेल कर्मियों की सूझ बूझ तथा तत्परता से बर्निंग टेज्न होने से बाल बाल बच गई। बक्सर स्टेशन से खुलने के बाद जैसे ही इसकी जानकारी मिली तो चालक ने चौसा स्टेशन के पहले ट्रेन को खड़ी कर दिया। मौके पर तत्काल रेलवे के यांत्रिक विभाग की टीम पहुंची तथा गड़बड़ी को ठीक कर ट्रेन को रवाना किया। इस दौरान करीब आधा घंटा तक परिचालन बाधित रहा। वही इस ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों की जान अटकी रही। सबकुछ ठीक होने के बाद यात्रियों ने चैन की सांस ली।

मिली जानकारी के अनुसार करीब 1.30 बजे पटना से चलकर इंदौर को जाने वाली 19314 पटना इंदौर एक्सप्रेस बक्सर स्टेशन पर पहुंची। निर्धारित अवधि के बाद जब ट्रेन का यहां से डिपार्चर हुआ कि इंजन के पहियों से ब्रेक बाइंडिंग के कारण धुआं उठने लगा था। तबतक स्टेशन पर पेट्रोलिंग कर रही आरपीएफ टीम की नजर इंजन के पहियों से उठने वाले धुंआं पर पड़ी। आरपीएफ ने तत्काल इसकी सूचना स्टेशन प्रबंधन को दी। स्टेशन प्रबंधन द्वारा इंजन के पहिए से उठने वाले धुआं की जानकारी पटना इंदौर एक्सप्रेस के चालक को दी गई। तब चालक ने चौसा स्टेशन से पहले टेज्न को रोक दिया। पीछे से बक्सर से पहुंची रेलवे यांत्रिक विभाग की टीम ने तत्काल ब्रेक बाइंडिंग को ठीक कर ट्रेन को रवाना किया।

**आधा घंटा प्रभावित हुआ परिचानः** इस घटना से अप लाइन में करीब आधा घंटा तक ट्रेनों का परिचालन बाधित रहा। सूचना पर पीछे से आ रही कई ट्रेनों को विभिन्न स्टेशन पर रोक दिया गया था। इसके बाद तकनीकी खराबी को दुरुस्त कर ट्रेन को आगे रवाना किया गया। इस दौरान दानापुर कंट्रोल से लेकर बक्सर तक के संबंधित रेलकर्मी खासे परेशान रहे। गड़बड़ी दूर होने तथा अप लाइन में परिचालन शुरू होने के बाद ही रेलकर्मियों ने राहत की सांस ली।

### थोड़ा विलंब होने पर हो सकता था बड़ा हादसा

रेलवे सूत्रों की मानें तो यदि आरपीएफ समेत पूरे रेल प्रशासन ने तत्परता नहीं दिखाई होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारों का कहना है कि यदि बक्सर में आरपीएफ की नजर उस पर नहीं पड़ती तथा टेज्न आगे रवाना हो जाती तो जल्दी ही उसमें आग पकड़ सकती थी। इस स्थिति में अन्य बोगी भी उसके संपर्क में आ सकते थे। जिससे यात्रियों को जान माल की क्षति हो सकती थी। बहरहाल रेलवे ने समय रहते इसे दूर कर संभावित खतरे को टाल दिया है।

**क्या कहते हैं आरपीएफ पोस्ट प्रभारीः** बक्सर आरपीएफ के पोस्ट प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि सबसे पहले आरपीएफ जवानों की नजर ही इस पड़ी थी। इंजन के पहिए से धुआं उठता देख तथा कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दी गई। वहां से टेज्न के चालक को बताया गया। तब जाकर इस हादसें को टाला जा सका। उन्होंने कहा कि इस प्रयास में करीब आधे घंटे तक परिचालन बाधित रहा।

## एक नजर

### चौगाई में जलापूर्ति ठप होने से नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन, प्रबंधन के खिलाफ लगाए नारे



**चौगाई।** जलापूर्ति व्यवस्था ठप होने नाराज चौगाई पश्चिम पट्टी के ग्रामीणों ने बुधवार को जलमीनार के पास विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लोग पीएचईडी विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी कर रहे थे। लोगों के इस विरोध का मुख्य कारण पिछले छह दिनों से जलमीनार से पेयजल आपूर्ति ठप होना है। ग्रामीणों ने बताया कि चौगाई की एक बड़ी आबादी इस जलमीनार से जुड़ी है। आपूर्ति ठप होने के बाद उन्हें पेयजल के लिए लोगों के निजी समरसेबल तथा अन्य सार्वजनिक चापानलों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि पीएचईडी विभाग की उदासनीता से उन्हें अक्सर पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ता है। विभाग इसके मरम्मत के प्रति उदासीन बना हुआ है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में रामनाथ महतो, संजय यादव, ओमप्रकाश वर्मा, सोहराई यादव, हरेन्द्र यादव, साधु यादव, राजीव यादव, सरल मिया, डा देवानंद समेत दर्जनों अन्य शामिल थे। इस संबंध में पीएचईडी के जेई सुग्रीव कुमार ने कहा कि जलमीनार को मोटर जल गया है। इसकी सूचना मिलते ही मोटर को खोलवा मरम्मत के लिए बक्सर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि जले मोटर की मरम्मत में तीन से चार दिन का समय लगता है। जैसे ही मरम्मत हो मोटर आ जाएगा, जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### किसानों को मशरूम उत्पादन के गुर सिखा रहा है आत्मा, शुरू हुआ प्रशिक्षण



**बक्सर।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) बक्सर द्वारा बुधवार को ई किसान भवन में किसानों को मशरूम उत्पादन की बारीकियों से अवगत कराने के लिए प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर बिहार कौशल विकास मिशन अंतर्गत लघु उद्यमी विषय आयोजित किया गया है। जिसका उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक (आत्मा) मनोज कुमार ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आत्मा, बक्सर का मुख्य उदेश्य कृषि व कृषि से संबद्ध विषयों पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। इसी कड़ी में विभाग की महत्वाकांक्षी योजना बिहार कौशल विकास मिशन योजना अंतर्गत मशरुम विषय पर तीन सौ अस्सी घंटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मशरुम उत्पादन वर्तमान परिवेश में काफी लाभप्रद है। इसके उत्पादन के लिए खेत की जरुरत नहीं होती है, जिसके कारण भूमिहीन लोग भी बड़ी आसानी से इसकी खेती कर आकर्षक आय अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने कहा इस बैच में जिलेभर से चयनित कुल 30 किसानों को शामिल किया गया है। जिन्हें प्रशिक्षण के दौरान मशरुम उत्पादन की सभी प्रक्रियाओं को सैद्धॉंतिक एवं प्रायोगिक रुप से बताया जायेगा। इसके लिए दो प्रशिक्षक मनोज कुमार चौधरी एवं धर्मेन्द्र कुमार सिंह हैं। पाठ्यक्रम समाप्ति उपरांत प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सफलतापूर्वक प्रशिक्षण हासिल करने के उपरांत बेरोजगार युवक स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं तथा आत्मनिर्भर की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं। मौके पर उप परियोजना निदेशक-सह-प्रभारी पदाधिकारी, बीएसडीएम बेबी कुमारी, सहायक निदेशक प्रक्षेत्र शेखर किशोर, आत्माकर्मी विकास कुमार राय, त्रिपुरारी शरण सिन्हा, दीपक कुमार सहित प्रशिक्षणार्थी रविरंजन तिवारी, सुधन राम, राधा प्रसाद पाल, बिना कुमारी, मीना देवी, नेहा शर्मा इत्यादि उपस्थित थे।

### कर्मियों के आश्रित महिलाओं को हुनरमंद बना रहा रेलवे, शुरू हुआ सिलाई प्रशिक्षण शिविर

**बक्सर।** रेलवे दानापुर मंडल द्वारा अपने कर्मियों के आश्रित महिलाओं को हुनरमंद बना आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी जा रही है। इसके तहत बक्सर में एक सिलाई प्रशिक्षण सेंटर का उदघाटन किया गया है। जहां रेलवे कर्मियों के चयनित 10 महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कर्मचारी कल्याण निधि के तहत कौशल विकास कार्यक्रम के तत्वावधान में कराया जा रहा है। महिलाओं को प्रशिक्षण देने के लिए टैज्क मशीन रेस्ट रूम को प्रशिक्षण केन्द्र में तब्दील किया गया है जहां ह्लउषा सिलाई स्कूलह्न द्वारा उन्हें सिलाई की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है। स्टेशन प्रबंधक राजन कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण 26 फरवरी से 06 मार्च तक चलेगा। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षु महिलाओं को सिलाई की बेसिक जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। ताकी महिलाएं आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने कहा कि रेलवे अपने कर्मियों तथा उनके आश्रितों के कल्याणार्थ सदैव तत्पर रहता है। स्टेशन प्रबंधक ने बताया कि महिलाओं के स्वाबलंबन की दिशा में रेलवे की यह बेहतरीन पहल है।

# होली में घर आने लगे परदेसी, ट्रेनों में भीड़

**केटी न्यूज/डुमरांव**




रंगों का पर्व होली सामाजिक समरसता की कड़ी को जोड़ता है. घर-परिवार से दूर होकर परदेस में कमाने वाले परिजन इस महापर्व में घर आने लगे हैं। परिजनों के आने से शहर व ग्रामीण इलाके के कई घर-आंगन गुलजार हो गया है। आपसी सौहार्द का महत्वपूर्ण पर्व होली को लेकर ट्रेनों में भी भीड़ काफी बढ़ गई है। इस रूट से गुजरने वाली ट्रेनों में अत्याधिक भीड़ देखने को मिल रही है। जैसे-तैसे यात्रा को पूरा कर लोग अपने घरों को पहुंच कर एक साथ होली मनाने का आनंद लेने की मंशा पर टेज्नों में भीड़ भारी पड़ रही है।

जब भी कोई ट्रेन आती है तो इसका नजारा देखने को मिल रहा है। हर बोगी से बड़ी संख्या में उतरने व चढ़ने वाले यात्री एक दूसरे से धक्का मुक्की करते नजर आ रहे है। प्लेटफार्म पर भी टेज्नों का इंतजार करने वालों की संख्या इतनी अधिक हो जा रही है कि तिलभर भी जगह नहीं बच रहा है। लोग जैसे तैसे बैठ ट्रेनों का इंतजार कर रहे है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई आदि महानगरों से आने वाले यात्रियों की मानें तो उन्हें टिकट भी आसानी से नहीं मिल रहा है।

# लोगों पर धौंस जमाने के लिए डुमरांव बाजार में युवक ने की हवाई फायरिंग, गिरफ्तार

**केटी न्यूज/डुमरांव**



लोगों पर अपना धौंस जमाने तथा खुद को रंगदार कहलाने मात्र के लिए एक युवक को भरे बाजार में हवाई फायरिंग करना महंगा पड़ गया। प्रभारी एसपी दीपक वर्णवाल के निर्देश पर स्थानीय पुलिस तथा डीआईयू की टीम ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवक डुमरांव के धर्मशाला मुहल्ले के कृष्णा प्रसाद का 35 वर्षीय पुत्र गुड्डु कुमार है। उसे जेल भेजने से पूर्व एएसपी राज ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उक्त युवक स्टेशन रोड के लंगटू महादेव मंदिर के पास हवाई फायरिंग करते हुए राहगीरों को डरा धमका रहा था। इस दौरान किसी ने इसकी सूचना प्रभारी एसपी दीपक वर्णवाल को दे दी। उन्होंने तक्काल डुमरांव थानाध्यक्ष तथा डीआईयू टीम को मौके पर भेजा। डीआईयू तथा डुमरांव थाना की संयुक्त टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक पिस्टल तथा एक गोली बरामद हुआ है। पुलिस की मानें तो वह खुद को रंगदार घोषित करने तथा लोगों में अपने नाम का खौफ पैदा करने के लिए ऐसा कर रहा था। हालांकि उसके खिलाफ पहले से कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

**कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित की जा रही है विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता**

# जिला स्तरीय दक्ष खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाए जौहर

**केटी न्यूज/बक्सर**



बुधवार को जिला स्तरीय दक्ष खेलकूद प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं में अलग-अलग खेलों में अपना जौहर दिखाया। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इसमें अलग-अलग आयु वर्ग के छात्रों को शामिल किया गया था। बता दें कि यह प्रतियोगिता एमपी उच्च विद्यालय, बक्सर किला मैदान, इंडोर हॉल, नगर भवन, बक्सर एवं कला भवन, बक्सर में कराया जा रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को नोडल पदाधिकारी व उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा बक्सर शशांक सिंह ने खिलाड़ियो को शुभकामनाओं के साथ खेल प्रतियोगिताओं की शुरूआत की। इस प्रतियोगिता के दुसरे दिन एथलेटिक्स तथा ताईक्वान्डो एवं बॉक्सिंग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 2 मार्च गुरूवार को कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, हैण्डबॉल, योगा, क्रिकेट के आयोजन के साथ ही इस तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया जायेगा। दक्ष प्रतियोगिता को सफल बना रहे शिक्षक अशोक कुमार, लाल साहब, चंदन कुमार, मदन राम, अभिषेक कुमार सिंह, संजय कुमार, दयाशंकर पाल, सत्येन्द्र कुमार सिंह, विपिन कुमार, सरविन्द्र कुमार, वशिष्ठ प्रसाद, ममता कुमारी, प्रिया रंजन, रोहित कुमार, जगनारायण सिंह, प्रियकांत सिंह, शलेश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

### दूसरे दिन का खेल परिणाम

अंडर-14 100 मीटर (बालक) प्रथम मकसद अंसारी इटाढ़ी, अंडर-14 100 मीटर (बालिका) प्रथम सीता कुमारी राजपुर, अंडर-17 100 मीटर (बालक) प्रथम रोहित कुमार यादव सिमरी।

अंडर-19 100 मीटर (बालक) प्रथम अमित यादव सिमरी, अंडर-14 200 मीटर (बालक) प्रथम सुमित कुमार रजक राजपुर, अंडर-14200 मीटर (बालिका) प्रथम अंजु कुमारी चौगाई, अंडर-17 200 मीटर (बालिका) प्रथम खुशी कुमारी चौगाई, अंडर-17 200 मीटर (बालक) प्रथम रोहित यादव सिमरी।

अंडर - 19 200 मीटर (बालिका) में प्रथम सिम्पल कुमारी चौसा, जबकि बालक वर्ग में प्रथम मोहम्मद एजाज ब्रह्मपुर, अंडर -14 के 400 मीटर (बालक) वर्ग में प्रथम ऋषिकेश कुमार सिंह बक्सर, बालिका वर्ग में प्रथम रजिया खातुन चौसा, अंडर -17 400 मीटर (बालक) प्रथम अनुज कुमार सिंह बक्सर, अंडर -17 400 मीटर (बालिका) प्रथम निकिता कुमारी बक्सर, -19 400 मीटर (बालक) प्रथम मोहम्मद एजाज ब्रह्मपुर, अंडर-19 800 मीटर (बालक) प्रथम सुरज कुमार गुप्ता सिमरी, अंडर-19 1500 मीटर (बालक) प्रथम दीपंकर पाण्डेय।

## खबरें फटाफट

### ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**मऊ।** हलधपुर थाना क्षेत्र के नसीराबाद कला ग्राम पंचायत की चट्टी पर ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर 10 वर्षीय साइकिल सवार बालक की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना बुधवार की प्रात लगभग 9 :00 बजे की है। अतुल कुमार उर्स प्रिंस पुत्र गौतम निवासी ग्राम पनियारा थाना चितबड़ागांव जनपद बलिया अपनी माता रीना के साथ अपने ननिहाल नसीराबाद कलां ग्राम पंचायत में अपने नाना चंद्रभान भारती के यहां रहता था। बुधवार की सुबह वह साइकिल लेकर घरसे निकला, उसी समय विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर अतुल की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। चालक ने ट्रैक्टर को रोक कर उसे उठा रहा था कि तभी गांव के अन्य लोग भी जुट गए, और इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। और ट्रैक्टर ट्राली और चालक को अपने कब्जे में ले लिया।

### वांछित को पकड़ने गये हल्का दारोगा व टीम पर हमला

**बांसडीह।** कोतवाली क्षेत्र के नरायनपुर में मंगलवार की शाम एक दुसाहसिक घटना में एक मुकदमे के वांछित को पकड़ने गये हल्का दारोगा एव उनकी टीम पर वांछित ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। इस दुस्साहसिक घटना में दारोगा समेत एक सिपाही घायल भी हो गये। पुलिस ने वांछित को बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### 25 हजार रुपए का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लग गई । जिसमें 25 हजार रुपए का इनामिया अभियुक्त एवं उसके साथ पांच और अभियुक्त को पुलिस ने चेकिंग के दौरान कारतूस, तमंचा, एवं एक बाइक, एक चार पहिया वाहन के साथ मंगलवार रात्रि गिरफ्तार कर लिया । अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री ने बुधवार को मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली में खुलासा किया । जिसमें उन्होंने बताया कि प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी अपने हमराहियो के साथ अपराधियों के संबंध में वार्ता कर रहे थे कि मुखबिर खास ने आकर सूचना दिया कि आपके थाने का इनामिया अपराधी लालू यादव उर्फ गोलू पुत्र सुर्यबली यादव निवासी कपारगढ़ थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़ ने अपने कुछ साथियों के साथ किसी घटना को अंजाम देने के लिए चार पहिया व दोपहिया वाहन से नदवासराय की तरफ से आ रहे हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार रात्रि वलीदपुर मोड़ पर पहुंचकर वाहनों की चेकिंग लगाई और वे पकड़े गए।

## पदभार संभालते ही एक्शन में दिखे बलिया के नए जिलाधिकारी रवींद्र कुमार

# बैठक से गायब डीएसटीओ का एक दिन का वेतन रोकने का डीएम ने दिया आदेश

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। अर्थ एवं संख्या अधिकारी (डीएसटीओ) विजय शंकर के मुख्यालय पर अनुपस्थित होने पर उन्होंने नाराजगी जताई और उनका एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय में जनता की समस्याएं सुनी और उसके जल्द से जल्द निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनता की समस्याए सुनने के दौरान के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसमस्याओं को प्राथमिकता पर लिया जाए और उनका जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए। संवेदनशील प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के आदेश दिए।





**डीएम ने गिनाई अपनी प्राथमिकता**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बुधवार को विकास भवन सभागार में पत्रकारों के साथ वार्ता की। उन्होंने अपना सम्पूर्ण परिचय देने के बाद आम जनता के हित में अपनी प्राथमिकताएं गिनाई। मूल रूप से कौशाम्बी के रहने वाले रविन्द्र कुमार इससे पहले उन्नाव और कन्नौज में डीएम रह चुके हैं। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जनसामान्य के लिए शासन की जो योजनाएं हैं, वह हर एक पात्र तक पहुंचे, इसका प्रयास किया जाएगा। जनशिकायतों का निस्तारण शीर्ष प्राथमिकता पर होगी। अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश रहेगा कि समयसीमा के अंदर जनशिकायतों का निस्तारण करें, कोई टालमटोल नहीं होना चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के विकास के लिए जो परियोजनाएं चल रही है, समयसीमा में पूरा कराया जाएगा। लंबे समय से जो प्रोजेक्ट लंबित है, उनको भी संज्ञान में लेकर प्रोजेक्ट की समीक्षा करके आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गो-आश्रय स्थल की व्यवस्था शासन की प्राथमिकता पर हैं, इनके सम्बन्ध में किसी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। सरकारी योजना का लाभ जनपदवासियों को मिले, इस पर भी पूरा फोकस होगा। मीडिया बन्धुओं की ओर से सहयोग की हमेशा अपेक्षा रहेगी। आपके सकारात्मक सहयोग से और बेहतर ढंग से कार्य होगा।

**जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण:** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने अपने कार्यालय के कक्षों का निरीक्षण किया और सभी पटल पर जाकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से उनके कार्य सम्बन्धी जानकारी ली। परगना कक्ष में साफ-सफाई ठीक से ना होने और रिकॉर्ड रूम की स्थिति ठीक ना होने पर नाराजगी जताते हुए सुधार लाने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि 15 दिन के अंदर सारी व्यवस्था ठीक कर ली जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने न्यायिक अभिलेखागार का निरीक्षण किया। उन्होंने फाइलों का रखरखाव ठीक से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय में सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि होली से पहले सभी कक्षो की साफ-सफाई हो जानी चाहिए।

**जिलाधिकारी के निर्देश पर तुरंत हुआ समस्या का निस्तारण:** दिनांक 01.03.2023 को राजदुलारी देवी पत्नी अर्जुन राय आदि निवासीगण कोटवा नरायनपुर थाना नरहीं, तहसील व जिला बलिया द्वारा जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि गांव के कुछ अवांछनीय तत्वों द्वारा उनके दरवाजे के सामने होलिका दहन करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त प्रकरण की जांच उपजिलाधिकारी सदर व क्षेत्राधिकारी सदर से करायी गयी। जांच के दौरान स्पष्ट हुआ कि विवादित स्थल आवेदिका के निवास स्थान से अलग है, जो ग्राम सरायकोटा की आराजी सं० 309 में है। उक्त आराजी में ही होलिका दहन के स्थान के रूप में 0.061 हे0 भूमि दर्ज है, किन्तु स्थल चिन्हित नहीं है और न ही इसके पूर्व उक्त स्थल पर होलिका दहन हुआ है। आवेदिका व ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि पूर्व में मौजा सरायकोटा के गाटा सं0 309 में ही सड़क के किनारे होलिका दहन हुआ करता था, किन्तु इस बार नई जगह पर होलिका दहन किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

उभयपक्ष तथा अन्य उपस्थित ग्रामवासियों की सहमति से यह निश्चित किया गया कि इस बार भी होलिका दहन पूर्व की भांति सड़क के किनारे वाले स्थान पर ही किया जायेगा। इस प्रकार उक्त विवाद का निस्तारण तत्काल मौके पर ही अधिकारीगण की सक्रियता से आवेदिका व ग्रामवासियों की आम सहमति से किया गया।

# नवली गांव में ग्राम प्रधान पद के लिए आज पड़ेगे वोट

## उप चुनाव: सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस बल तैनात




- अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं रेवतीपुर थानाध्यक्ष ने गांव में बने बूथो का निरीक्षण किया
- उपचुनाव के लिए पूर्व ग्राम प्रधान की पत्नी समेत कुल 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रेवतीपुर थाने के नवली गांव में ग्राम प्रधान पद के लिए होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रशासन ने कमर कस लिया है। बृहस्पतिवार को होने वाले चुनाव को सकुशल संपन्न कराने से एक दिन पहले अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं रेवतीपुर थानाध्यक्ष ने पुलिस फोर्स के साथ गांव में चक्रमण करते हुए विभिन्न बूथो का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था व पोलिंग पार्टी रवानगी आदि की व्यवस्था जांची। नवली गांव में होने वाले ग्राम प्रधान पद के उपचुनाव के लिए पूर्व ग्राम प्रधान की पत्नी समेत कुल 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। जबकि प्रशासन द्वारा लगभग 15000 मतदाताओं के मतदान करने के लिए कुल 26 बूथ बनाए गए हैं। बूथों पर गुरुवार को सुबह 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान संपन्न कराए जाएंगे। मतदान संपन्न होने के बाद मत पेटियों को ब्लॉक मुख्यालय पर बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा, जहां चार मार्च को तीन काउंटिंग टेबल के जरिए मतगणना की जाएगी।

रिटर्निंग ऑफिसर पशु चिकित्सा अधिकारी रेवतीपुर गौरव द्विवेदी ने बताया कि उपचुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सकुशल शांतिपूर्ण मतदान के लिए भारी पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। खंड विकास अधिकारी रेवतीपुर सुरेंद्र सिंह राणा ने बताया कि किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए पूरे गांव में भारी पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। मतदान के लिए पोलिंग पार्टी रवाना हो गई है गुरुवार को सुबह 7:00 बजे से मतदान शुरू कराया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने रोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा की




**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में डीसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक रायफल क्लब सभागार में बुधवार को संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने शासन द्वारा प्रायोजित विभिन्न रोजगार परक योजनाओं की समीक्षा की। डीएम ने सभी योग्य खाताधारकों को सामाजिक सुरक्षा योजना से आच्छादित करने के लिए कैंप मोड में कार्य करने तथा आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने ऋण जमानुपात में वृद्धि के लिए बड़े ऋण आवेदनों के निस्तारण के लिए निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक शिव शंकर ने बताया कि पीएमईजीपी, युवा स्वरोजगार आदि योजनाओं के तहत जनपद ने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी बैंक अधिकारियों को फिशरीज केसीसी एवं पशुपालन को प्रमुखता से स्वीकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वनिधि योजना में और अधिक आवेदन करने के लिए डूडा को निर्देशित किया तथा बैंकों में लंबित आवेदनों के यथाशीघ्र निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

**बजट का शतप्रतिशत खर्च करने का डीएम ने दिया निर्देश:**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार से प्राप्त बजट का इसी वित्तीय वर्ष में शत-प्रतिशत नियमानुसार उपभोग करने एवं विभिन्न योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के दृष्टिगत जनपद के समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को निर्देश दिया है। अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर किसी भी अधिकारी-कर्मचारी का किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत न किया जाए।

### लापरवाही : मुख्य अभियंता ने दी एसडीओ को चार्जशीट

**गाजीपुर।** योगी सरकार में जीरो टालरेंस की नीति की पारदर्शीता अब जमीन पर दिखने लगी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के डंडे की हनक जिले में गूंजने लगी है। इसी क्रम में विद्युत वितरण खंड प्रथम लालदरवाजा कार्यालय के अंतर्गत उप खंड कार्यालय कासिमाबाद और उप खंड मरदह के एसडीओ को मुख्य अभियंता वाराणसी ने चार्जशीट दिया है। मुख्य अभियंता ने रिपोर्ट मांगी थी कि झटपट पोर्टल पर पेंडिंग मामलों का निस्तारण समय से क्यों नही हुआ तो वाराणसी कार्यालय को बताया गया कि कासिमाबाद विद्युत उपखंड के एसडीओ संजीव भाष्कर और मरदह विद्युत उपखंड के एसडीओ संतोष चौधरी ने निर्धारित समय में झटपट योजना के तहत पोर्टल पर आवेदन किए गये कनेक्शन के प्रार्थना पत्रों पर जानबूझकर विलंब किया जा रहा है, जो संदेह के घेरे में है इसलिए उनको कई बिंदुओं पर चार्जशीट दी गई है। इस बात की पुष्टि विद्युत वितरण खंड प्रथम के कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों ने भी की है। क्षेत्र में चर्चा है कि यह विलंब केवल धनउगाही के लिए किया जा रहा है। जिससे उपभोक्ता आएं और प्रसाद चढ़ाएं और आशीर्वाद में कनेक्शन न ले जाएं।

# सौम्या अग्रवाल ने कहा... बलिया में आठ माह का कार्यकाल सुखद रहा

- निवर्तमान डीएम सौम्या अग्रवाल का स्थानांतरण, दी गई सम्मानपूर्वक विदाई
- अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया संदेश, हर कोई सकारात्मक सोच के साथ करे काम, बेहतर परिणाम दिखेंगे

**केटी न्यूज/बलिया**

निवर्तमान डीएम सौम्या अग्रवाल के स्थानांतरण के बाद उनका सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को हुआ। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि बलिया में बतौर डीएम आठ महीने का कार्यकाल काफी सुखद अनुभूति देने वाला रहा। यहां कभी कोई दिक्कत समझ में नहीं आयी। यहां बहुत सारे कार्य किए गए, जो जमीन पर दिखा। मुख्यमंत्री जी का हर एक भ्रमण सकारात्मक रहा। उन्होंने कहा कि यहां के लोग बहुत अच्छे हैं। सच्चे मन से जुड़ने पर यहां के लोगों का पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को यही सन्देश दिया कि हर कोई सकारात्मक सोच के साथ काम करें। सबको अंत में सबको शुभकामनाएं देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**जब हाईस्कूल में था, तभी हुआ था प्रभावित:** सम्मान समारोह में एक अजीब किस्सा सामने आया। एसडीएम बैरिया आत्रेय मिश्र ने अपना अनुभव शेयर करते हुए कहा कि निवर्तमान डीएम जब महराजगंज में सीडीओ थीं, तब वह हॉली क्रॉस स्कूल में 10वीं में थे और एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आयीं थीं। इनके रूप में एक आईएएस ऑफिसर को देख काफी प्रभावित हुआ था और स्वयं भी आईएएस अफसर बनने की ठान ली थी। आज अगर एसडीएम के रूप में हूँ तो इसमें मैडम की ओर से मिली प्रेरणा भी काफी सहायक साबित हुई है।

**वक्ताओं ने इन उपलब्धियों का किया बखान:** एडीएम, सीआरओ, सीएमओ सहित अन्य अधिकारियों ने अपने सम्बोधन में निवर्तमान डीएम की तमाम उपलब्धियों को गिनाया। वक्ताओं ने कहा कि बलिया को मेडिकल कालेज की जमीन चिन्हित करने में जिलाधिकारी का विशेष सहयोग रहा। इनकी विशेष रुचि का ही परिणाम रहा कि जमीन ढूंढकर चिन्हित की जा सकी। सुरहाताल को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करना भी खास उपलब्धि रही। बलिया के लिए यह बहुत बड़ा काम हुआ। किसी भी अधिकारी के सामने जो भी समस्याएं आयी, उसको अपने ऊपर लेकर उसका समाधान कराना भी बेहतर नेतृत्व क्षमता का अनूठा उदाहरण बताया

## एक नजर

### सदर तहसीलदार ने किया सत्यदेव लॉ कॉलेज गाजीपुर का शिलान्यास



**गाजीपुर।** जिले के गांधिपुरम में बुधवार को सत्यदेव ला कालेज के निर्माण की आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार सदर अभिषेक कुमार रहे। कार्यक्रम में सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेज के सीएमडी प्रोफेसर आनंद सिंह सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेज के एमडी प्रोफेसर सानंद सिंह, सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेज के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय, सत्यदेव डिग्री कॉलेज के निदेशक अमित रघुवंशी, सत्यदेव डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर रामचंद्र दुबे, समाजसेवी सत्येंद्र सिंह और कॉलेज के विद्वान प्राध्यापक एवं कर्मचारियों की उपस्थिति बनी रही। कार्यक्रम का प्रारंभ वेदपाठी ब्राह्मण द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ तहसीलदार के कर कमलों द्वारा नवग्रह पूजन व भूमि पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। नींव के पांच ईटों के विधिवत पूजन के बाद नींव रखी गई। इसके पश्चात आरती, हवन के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

### मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**गाजीपुर।** मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉक्टर नवीन कुमार सिंह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 21 मरीजो का मानसिक जांच कर उचित परामर्श एवं दवाएं दी गई। शासन के दिशा निर्देश के क्रम में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जनपद के भदौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को एक दिवसीय ओपीडी का आयोजन किया गया। आयोजित ओपीडी में मानसिक स्वास्थ्य के डॉ नवीन कुमार सिंह एवं उनकी टीम द्वारा मरीजों की जांच एवं उचित परामर्श व दवाएं दी गई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. धनंजय आनंद ने बताया किओपीडी में आने वाले मंदबुद्धि बालकों को अधिक से अधिक मानसिक सेवाओं का लाभ दिया जाय। ओपीडी में सिर दर्द, माइग्रेन, काम में मन न लगना, मन उदास, अकेलापन, आत्महत्या का विचार आना, अकेले में बुदबुदाना, बेवजह अकेले में बात करना, नींद का ना आना या बार-बार नींद खुल जाना, बुढ़ापे में यादाश्त की कमी, मंदबुद्धि बच्चों में चिड़चिड़ापन, पढ़ाई में मन ना लगना, बार-बार हाथ पैर धोना, हिस्टीरिया, शराब, गांजा, तंबाकू के साथ ही सेक्स में रुचि ना होना, शीघ्रपतन, दांत की समस्या सहित कई तरह के रोगों से ग्रसित लोगों का इस ओपीडी में उपचार व परामर्श दिया गया।



### शबे बरात और होली त्योहार को देखते हुए शांति समिति की हुई बैठक

**बलिया।** बलिया एसपी राजकरन नय्यर के निर्देश के क्रम में ओकडेनगंज पुलिस चौकी परिसर में शबे बरात और होली त्योहार को देखते हुए शांति समिति की बैठक की गई ' शहर कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया की दोनो त्यौहारो में आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनाए ' साथ ही लोगो से अपील किया की आपसी सौहार्द बनाए रखे और एक दूसरे से भाईचारा बनाए रखे,आप सभी इस वर्ष भी त्यौहार धूमधाम से मनाएं ' इस दौरान खुले तौर पर डीजे का प्रयोग न करे पकड़े जाने पर कार्यवाही निश्चित है ' शराब पीकर रोड पर आतंक मचाने वाले को बक्शा नहीं जायेगा ' इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए त्यौहार को त्यौहार की तरह मनाए ताकि एकता बनी रहे तभी आप का त्यौहार सकुशल संपन्न होगा।

## बलिया जनपद में अब तक 28 लाख 43 हजार 381 लाभार्थियों ने खाई दवा

# अब 6 मार्च तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन का एमडीए अभियान

**केटी न्यूज/बलिया**




जनपद में 27 फरवरी तक चलने वाला फाइलेरिया उन्मूलन का एमडीए अभियान अब 6 मार्च तक चलेगा। इस अभियान की तारीख बढ़ाने के पीछे अधिकाधिक लोगों को दवा खिलाने का उद्देश्य है।जनपद में अब तक 28 लाख 43 हजार 381 लाभार्थियों ने दवा का सेवन कर लिया है। यह जानकारी जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने दी।

उन्होंने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन के तहत जनपद में 10 फरवरी को एमडीए अभियान शुरू हुआ था। यह अभियान 27 फरवरी तक चलना था। परन्तु अब यह अभियान 6 मार्च तक चलेगा। उन्होंने बताया कि जिले में बुधवार को शहिद मंगल पाण्डेय राजकीय महिला महाविद्यालय, समेत कई स्थानों पर फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। अभियान के दौरान 30 लाख,25 हजार 109 आबादी को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। वहीं अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए 5444 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर, 439 सुपरवाइजर और 2772 प्रशिक्षित टीम घर-घर जाकर दवा खिला रही है।

जिला मलेरिया अधिकारी ने स्पष्ट किया कि दवा स्वास्थ्य कार्यकर्ता के सामने ही खानी है और दवा खाली पेट नहीं खानी है। डी ई सी को पानी के साथ खाना है और एल्बेंडाजॉल को चबाकर ही खाना है। फाइलेरिया की दवा एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती व अत्यधिक बीमार लोगों को नहीं खानी है। शेष सभी लोग साल में एक बार और लगातार पांच वर्ष तक दवा खाकर भविष्य में फाइलेरिया बीमारी से मुक्ति पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि दवा खाने से बचने के लिए बहाने बिल्कुल भी न करें।

दवा खाने के बाद जी मिचलाना, चक्कर या उल्टी आए तो घबराएं नहीं। ऐसा शरीर में फाइलेरिया के परजीवी होने से हो सकता है, जो दवा खाने के बाद मरते हैं। ऐसी प्रतिक्रिया कुछ देर में स्वतः ठीक हो जाती है। यह बीमारी इस मामले ज्यादा खतरनाक है कि इसके लक्षण ही 10-15 वर्ष बाद दिखते हैं और जब दिखते हैं तब इसका कोई खास उपचार नहीं बचता है। वहीं शुरू में संक्रमित व्यक्ति बिना किसी लक्षण के दूसरे स्वस्थ व्यक्ति को संक्रमित करता रहता है। जिला मलेरिया अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि अभी तक जो लाभार्थी दवा नही खाए हैं। वह आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर दवा अवश्य खा लें, जिससे जनपद को फाइलेरिया से मुक्त किया जा सके।